>

Title: Need expedite construction of Ahmednagar-Beed-Parli railway line in Maharashtra.

**श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील (बीड) :** महोदय, अहमदनगर-बीड-परली (वैद्यनाथ) यह नई रेल लाइन मेरे चुनाव क्षेत्र, बीड-महाराष्ट्र में आती है, जिस पर अब तक समूचा 103.75 करोड़ का प्रावधान किया गयाहै। लेकिन खर्च केवल 16 करोड़ का ही किया गयाहै, बाकी पैसा खर्च नहीं हो रहा है। सारा काम ठप्प पड़ा हे।

12 वर्ष पुराने इस रेल लाइन की कीमत अब दुगुनी हो गयी है। उसका पुर्नमूल्यांकन पतू मंत्रालय में स्वीकृति हेतु पड़ा है। 2008-2009 के बजट में इस पर फिर से केवल 10 करोड़ का ही प्रावधान किया गया है। इसका प्रावधान नहीं बढ़ाया जा रहा है तथा किया हुआ प्रावधान खर्च नहीं हो रहा है।

अहमदनगर-बीड-परली (वैद्यनाथ) नई रेल लाइन के लिये पर्याप्त प्रावधान हो व कार्य को गति मिले इस हेतु अक्तूबर, 2007 में महीनाभर के लिए धरना आंदोलन किया गया, 28 अक्तूबर, 2007 को जिले में रेल रोको किया गया जिसमें 850 नागरिकों ने गिरफ्तारी दी। स्वयं मुझे घाटनांदुर स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया व सायंकाल छोड़ दिया गया।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि वे तत्काल भुसंपादन के प्रस्ताव को मंजूरी दे। इतना ही नहीं तो किसानों की एक तिहाई रकम 14 करोड़ रूपये का भुगतान तुंत करे। अब तक का किया हुआ प्रावधान रूपये 103.75 करोड़ मार्च 2009 तक खर्च करे व घाटनांदुर-अंबाजोगाई इस नई रेल लाइन के सभी प्रकार का सर्वे करे व उसके लिए अगले बजट में पर्यापत प्रावधान करे।

---

* Treated as laid on the Table.